समाहरणालय, मुज़फ्फरपुर

बिहार सरकार

ई-मेल – dm-muzaffarpur.bih@nic.in वेबसाइट - muzaffarpur.bih.nic.in दूरभाष /फैक्स – 0621-2223010

पत्रांक - (जिला गोपनीय शाखा) दिनांक -

–: आदेश :–

श्री सेंथिल कुमार, भा.प्र.से., सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना का भ्रमण कार्यक्रम ।

दिनांक	समय	कार्यक्रम
30.11.2022	09:30 बजे पूर्वा०	पटना से मुजफ्फरपुर के लिए **प्रस्थान।** (स्टॉफ कार)
	11:00 बजे पूर्वा०	जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा एवं मुजफ्फरपुर जिला में मिशन–60 डेज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा। 2. उक्त बैठक में राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा/बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि. द्वारा दवा आपूर्ति/भवन निर्माण से संबंधित समीक्षा। 3. उक्त समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रतिवेदन के साथ संबंधित पदाधिकारी उपस्थिति रहेंगे।
	12:30 बजे अप०	सदर अस्पताल, मुजफ्फरपुर का **निरीक्षण।**
	01:30 बजे अप०	श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर का **निरीक्षण।**
	04:30 बजे अप०	मुजफ्फरपुर से पटना के लिए **प्रस्थान।**

श्री सेंथिल कुमार, भा.प्र.से., सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर निम्नांकित व्यवस्थाएँ की जाती है :–

1. **श्री भगवान प्रसाद वर्मा, डी.पी.एम., जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फरपुर,** 9473191888 को सम्पर्क पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया जाता है। निदेश दिया जाता है कि वे सचिव को जिले की सीमा से स्कॉट कर मुजफ्फरपुर लाना सुनिश्चित करेगें तथा सम्पूर्ण भ्रमण में उनके साथ निरंतर उपस्थित रहकर आवश्यक समन्वय करते हुए क्षेत्र भ्रमण के लिए आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगी । भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात वापस जिले के सीमा तक पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे ।

2. **सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर** को निदेश दिया जाता है कि कार्यक्रम के अनुसार बैठक हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचित करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहेंगे। अद्यतन प्रतिवेदन की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को बैठक से पूर्व उपलब्ध करायेंगे । साथ ही भ्रमण में साथ बने रहकर सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

3. **जिला नजारत उप समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर** को निदेश दिया जाता है कि सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना के मुजफ्फरपुर आगमन के अवसर पर जिला अतिथिगृह में आवासन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. **अधीक्षक/प्राचार्य, एस.के.एम.सी.एच., मुजफ्फरपुर** को निदेश दिया जाता है कि बैठक में अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे। साथ ही श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर के निरीक्षण में साथ बने रहकर सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

5. **वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर** से अनुरोध है कि भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार स्कॉट पार्टी की प्रतिनियुक्ति करने की कृपा की जाए ।

Sri Krishan Medical College, Muz.
Letter No:- 5740/22
Date:- 30-11-22
Receiver Sign

ह0/–
जिलाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।